# शिक्षा सोपान
## (डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024–25)
## कक्षा–5

**समय सीमा – 2 घंटा** **कुल अंक – 75**

**निर्देशः** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहे हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती है।


## गणित (52)

**1.** संख्या 101 तथा 200 के बीच की सभी ऐसी संख्याएँ बताऐं जो पूर्ण वर्ग (perfect square) हो। (4)

**2.** ऐसी सभी संख्याएँ बताएं जिनका वर्ग (square) करने से वही संख्या फिर मिल जाये। (4)

**3.** एक वर्गाकार (square) कैरम बोर्ड का क्षेत्रफल (area) $3600 \text{ cm}^2$ है। उसका परिमाप (perimeter) कितना होगा? (4)

**4.** दिये गये चित्र में कोण (angle) BAC का मान निकालें। (4)




**5.** एक संख्या 50 से जितनी अधिक है, दूसरी संख्या 50 से उतनी ही कम है। तीनों संख्याओं का जोड़ निकालें। (6)

**6.** एक पार्किंग में 40 कार (cars), 30 मोटर साइकिल तथा 20 स्कूटर रखे हैं। प्रत्येक कार में एक अतिरिक्त पहिया भी रखा है। पार्किंग में कुल कितने पहिये हैं। (6)

**7.** खाली जगहों को भरें। (6)

```
  2 3 5
×  □ □
-------
2 8 2 0
```

**8.** (a) 0.1, 0.10 तथा 0.100 में कौन सबसे छोटी संख्या है?

(b) 0.1, 0. 01 तथा 0. 001 में कौन सबसे छोटी संख्या है? (6)

**9.** एक संख्या 12 से पूरी–पूरी कट (divisible) जाती है। यदि इसमें 3 से भाग (divide) दिया जाय तो शेष (remainder) कितना बचेगा? (6)

**10.** एक वृत्त (circle) की त्रिज्या (radius) 12 cm है। दो कीड़ें उड़ते हुए आकर इस वृत्त पर बैठ जाते हैं। इन कीड़ों के बीच की न्यूनतम (minimum) तथा अधिकतम (maximum) दूरी निकालें। (6)

## आस–पास (23)

**11.** आप जिस घर में रहते हैं उसका वर्णन करें। (3)

**12.** आपको खाने–पीने की कौन सी चीज सबसे अधिक पसंद है? इसे आप महीने में लगभग कितनी बार खाते हैं? इसके गुणों का वर्णन करें। (3)

**13.** चंद्रमा किस दिशा से उदय होता है और किस दिशा में अस्त होता है? (3)

**14.** घर में मच्छर पैदा न हों इसके लिये आप क्या उपाय करेंगे? (3)

**15.** बादल कैसे बनते हैं? (3)

**16.** घरों में कई कामों के लिये आग जलाई जाती है। (4)

(a) इसकी सूची (list) बनायें।

(b) प्रत्येक (each) के लिये बताएँ कि किसको जला कर आग बनायी जाती है।

(c) प्रत्येक (each) के लिये बतायें कि लौ का रंग कैसा होता है।

**17.** नर हो, ना निराश करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो

इस कविता में क्या संदेश दिया गया है, समझाएँ। (4)

# शिक्षा सोपान

## (डॉ० व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2024)

**समय सीमा - 2 घण्टे** **कक्षा–5** **कुल अंक: 100**

**निर्देश :** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं।

## गणित (60)

1. हल करें। (6 x 2 = 12)


(i) 100.20 + 0.8 (iv) 138.21 – 84.067
(ii) 20.504 + 67.08 (v) 1.52 x 0.32
(iii) 93.17 – 37.83 (vi) 15.42 x 4.3


2. निम्न संख्याओं को आरोही क्रम में (ascending order) लिखे (6)

18.75, 16.82, 10.25, 25.32, 9.45, 17.62


3. दिये हुए चित्र को भिन्न के अनुसार रंग भरे। (2)

(i) 3 / 9 भाग (ii) 2 / 6 भाग





4. **नीचे** दिये गए चित्र में कौन-कौन से प्रकार की आकृति है ? (3)



5. इन पांच अंको 1, 8, 9, 3, 2 में से किन्हीं चार अंको का उपयोग करके चार अंको की सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्या बताओ, जबकि कोई अंक दोहराया (repeat) नहीं जाता है। दोनों संख्याओं का अंतर भी निकालो। (2)

6. एक दुकानदार 20 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से 50 किलोग्राम गुड़ खरीदता है। यदि वह 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से गुड़ बेचे तो उसे कितना लाभ होगा ? (5)

7. एक छात्र को अपने घर से स्कूल पहुँचने में 35 मिनट 25 सैकेंड लगते है। घर से स्कूल और स्कूल से घर वापिस आने में कुल जितना समय लगेगा उसे घंटे, मिनट और सैकेंड में लिखें? (5)

8. राम बाज़ार से पतंग खरीदने गया। उसके पास कुल 150 रुपये थे। उसने दुकानदार से अलग–अलग रंगों की 9 पतंगें खरीदी। हर एक पतंग का मूल्य (cost) 10 रुपये था। पतंग खरीदने के बाद उसके पास कुल कितने रुपये बचे? बचे हुए रुपये कुल रुपयों का कितना प्रतिशत है? (5)

9. चार अंको की एक संख्या से तीन अंको की संख्या घटाने पर तीन अंको की एक संख्या बचती है। यह घटाव नीचे दिखाया गया है। (5)


(क) A का मान निकाले।
(ख) B का मान निकाले।
(ग) दोनों रिक्त स्थानों में सही अंक भरें।

```
A 1 2 3
  2 B 3
-------
  □ □ B
```

10. एक जुलूस में 25 साइकिलें, 15 ऑटो रिक्शे और 8 कारें चल रही हैं। इस जुलूस में कितनें पहिये सड़क पर चल रहे हैं? (5)

11. **एक व्यक्ति के पास 500, 100, 50, 20 तथा 10 रूपए के आठ - आठ नोट हैं । उसके पास कुल कितने रूपए हैं । यदि 50 रूपए का एक नोट गलती से फट जाए तो उसके पास कितने रूपए बचेंगे ?** (5)

12. चित्र में कितने त्रिभुज हैं? (5)




**(भाषा 40 )**

1. **पौधे की पत्तियाँ हरी क्यों दिखाई देती है ?** (2)
2. **भोजन बर्बाद न हो इसके लिए क्या उपाय करेंगे ?** (2)
3. नीचे दिए गये प्रश्नों का संक्षेप में उत्तर दें: (3)
   (क) सूर्य किस दिशा में उदय (rise) होता है?
   (ख) भारत की राजधानी का नाम बताओं।
   (ग) हिन्दू धर्म में कितने वेद हैं? किसी एक का नाम लिखिए।

4. दिन और रात कैसे होते हैं? विस्तारपूर्वक बताइये। (5)
5. वायु स्थान घेरती है यह बताने के लिये किसी प्रयोग का वर्णन करें। (5)
6. आपके पिताजी ने आपको 100 रुपये दिए। उन रुपयों का आप क्या करेंगें। 10 – 15 वाक्यों में लिखें। (5)

7. नीचे दी गयी पंक्तियों में कुछ त्रुटियाँ (errors) हैं। त्रुटियाँ दूर कर शुद्ध रूप से पंक्तियों को लिखें। (5)

हमारे देश के महान संत स्वामि रामतीर्थ एक बार जापान गए। वे रेल के यातरा कर रहे थे। एक दिन ऐसा हुआ की उन्हें फल खाने को नहीं मिले। उन दिनों फल ही उन्का भोजन था। गाड़ी एक स्टेशन पर रुकी। वहाँ पर भी उन्होंने फलों की खोज की, किन्तू पा न सके। उनके मुँह से निकला–''जापान में शायद अचछे फल नहीं मीलते!'' एक जापानी युवक प्लेटफार्म पर खड़ा था। उसने यह शब्द सुन लीए। सुनते ही वह भागा और कहीं दूर से एक टोकरी ताज़े फल ले आया। उसने वे फल उन्हें भेंट किये और कहा, ''लीजिये, आपको फलों की ज़रूरत थी।''

8. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखों। (5)
   Angle, Broom, Depth, Flour, District, Far, Number, Pond , Lake , Sea

9. रिक्त स्थानों को नीचे दिये गए शब्दों का उपयोग करके भरिये (Fill in the blanks using the words given below) (4)
   live, name, study, go, years
   (a) My ………………… is Ram.
   (b) I……………. in Lucknow.
   (c) I………. to school everyday.
   (d) I am 11 …………… old.

10. तीर के निशान द्वारा त्योहारों एवं तिथियों का उचित मिलान कीजिये। (4)

| | |
|---|---|
| मकर संक्रांति | 15 अगस्त |
| वैसाखी | 26 जनवरी |
| भारतीय स्वतंत्रता दिवस | 13 अप्रैल |
| भारतीय गणतंत्र दिवस | 14 जनवरी |

# शिक्षा सोपान

(डॉ० व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2023)


**समय: 2 घंटे** **कक्षा–5** **कुल अंक: 80**

**निर्देश : (a) सभी प्रश्न हल करें।**

**(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं।**

## गणित (52)

1. चित्र में ABCD एक आयत (Rectangle) बना है। भुजा CD पर एक बिंदु लेकर उसे A बिंदु से मिला दिया गया है। (8)
   (a) चित्र में बने सभी कोणों के नाम (जैसे $\angle ABC$) लिखें। इनमें से कौन न्यूनकोण (Acute angle) है, कौन समकोण (Right angle) तथा कौन अधिककोण (Obtuse angle) है, यह भी लिखे।
   (b) क्या बिंदु E को DC पर इस तरह चुना जा सकता है कि चित्र में एक भी अधिककोण न बने? यदि हाँ तो ऐसा चित्र बनायें।




2. (a) अंक 6, 2, 5, 1 में से सभी का एक–एक बार उपयोग करके आप चार अंकों वाली कितनी संख्याएँ बना सकते हैं? (8)
   (b) इनमें से सबसे छोटी संख्या लिखें।
3. तीन प्रकार से रिक्त स्थानों को पूरा करें। शून्य तथा ऋण (Negative) संख्याओं का प्रयोग न करें। (6)
   ……… + …….. = 1
4. एक लंबे रास्ते को नापने के लिये एक व्यक्ति के पास दो स्केल हैं, एक 30 cm का तथा दूसरा 45 cm का। इनमें से किसी भी स्केल से नापने पर स्केल को पूर्णांक (Integer) बार रखने से लंबाई नप सकती है। (5)
   (a) रास्ते की लंबाई का कम से कम मान कितना होगा?
   (b) इस मान से अधिक रास्ते की लंबाई का एक और मान बतायें।
5. वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस के कितने दिन बाद स्वतंत्रता दिवस आयेगा? (5)
6. मान लें कि इस पन्ने की लंबाई 11 इंच तथा चौड़ाई 9 इंच हैं।
   (a) पन्ने का परिमाप (Perimeter) निकालें।
   (b) पन्ने के दोनों ओर मिला कर कुल क्षेत्रफल (Area) निकालें। (5)
7. संख्याओं 8065, 5871, 4567 तथा 5555 को ऐसे क्रम में सजायें ताकि संख्या के अंकों का जोड़ लगातार बढ़ता रहे। (5)
8. (a) आरोही (Ascending) क्रम में लिखें (2)
   $\frac{2}{3}, \frac{2}{6}, \frac{36}{12}, \frac{2}{3}$
   (b) किस संख्या को स्वंय से गुणा करने पर 100 आयेगा। (2)
   (c) $(2+4\div 2)\times 6$ का मान बताएँ (2)
   (d) 108 किन संख्याओं से पूर्ण विभाजित (Divided) हो जाता है? (2)
   (e) 10 cm व्यास (Diameter) का वृत्त (Circle) तथा 10 cm भुजा वाले वर्ग (Square) में किसका क्षेत्रफल अधिक है? (2)

## आस–पास (28)

1. ऐसी कुछ चीजों के नाम बताये जिन्हें इस्तेमाल करने के लिये चार्जिंग की जरूरत होती है। (2)
2. खाने की दो वस्तुओं के नाम लिखें जो ऐसे पौधों में उगते हैं जो ऊँचे न जाकर जमीन पर फैल जाते हैं। (2)
3. रोटी बेलने का चकला, हाथों में पहनने की चूड़ी तथा पृथ्वी तीनों गोल हैं। तीनों के गोल किस तरह एक–दूसरे से भिन्न हैं, यह लिखें। (4)
4. (a) पत्थर, गेंद, आदि को यदि छोड़ देते हैं तो वे नीचे धरती की ओर गिर जाते है। क्यूँ? (5)
   (b) बादल ऊँचाई पर लटके रहते हैं और गिरते नहीं। क्यूँ?
5. सूरज की धूप हमारे जीवन में किस प्रकार सहायता करती है। (5)
6. जब चाय बनाने के लिये पानी गर्म करते हैं तो पानी का भाप बनने लगता है जो दिखाई देता है। पर जब कपड़े को धो–निचोड़ कर धूप में सुखाया जाता है तो पानी गायब हो जाता है पर भाप दिखाई नहीं देती। कारण बतायें। (5)
7. सूरज, चाँद और तारे आकाश में रहते हैं, यह बताने के लिये चित्र बनायें। (5)

# शिक्षा सोपान

## डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा

**कक्षा - 5**

**कुल अंक -** 100 **समय सीमा - 2**

**निर्देश :** 1 प्रश्नो के अंक प्रश्न के आगे इंगित है।

2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न संख्या सही से लिखे।

---

**(गणित)**

1. हल करें। (6 x 2 = 12)


क) 100.20 + 0.8 घ) 138.21 – 84.067


ख) 20.504 + 67.08 च) 1.52 x 0.32


ग) 93.17 – 37.83 छ) 15.42 x 4.3


2. बारह लाख में कितना घटाएँ कि 348589 प्राप्त हो जाये? (2)

3. दिये हुए चित्र को भिन्न के अनुसार रंग भरे। (1 x 4 = 4)


क) 1 / 2 भाग 

ग) 3 / 9 भाग 

ख) 2 / 6 भाग 

घ) 6 / 16 भाग 

4. निचे दिये गए चित्र में कौन-कौन से प्रकार की आकृति है? (3)



5. निम्न संख्याओं को आरोही क्रम में लिखे: (3)

18.75, 16.82, 10.25, 25.32, 9.45, 17.62

6. एक परीक्षा में राम को 50 में से 38 अंक प्राप्त हुएँ। उसे कितने प्रतिशत अंक प्राप्त हुएँ (3)

7. मोहन के पास 5000 रुपये है। एक जादूगर ने आकर मोहन के पैसे को दोगुना कर दिया। ललित ने आकर मोहन से 2220 रुपये माँग लिए और तरंग ने मोहन को 4280 रुपये और दे दिये। तो मोहन के पास कितने रुपये बचे? (4)

8. यदि 2 जनवरी को सोमवार हो तो उस माह में कितनी बार सोमवार आयेगा? और जनवरी में कितने दिन होते है? (4)

9. एक प्राथमिक विद्यालय के दो कक्षों के निर्माण में 10500 ईट लगी, एक शौचालय के निर्माण में 1556 ईट लगी और रसोई घर के निर्माण में 3568 ईट लगी। (5)

क) विद्यालय में कुल कितनी ईट लगी ?

ख) रसोई घर में शौचालय से कितनी अधिक ईटे लगी ?

ग) रसोईघर और एक कक्षा के निर्माण में कुल कितनी ईट लगी ?

घ) एक ईट का मूल्य अगर 5 रूपए है तो कुल कितने रूपए ईटों को खरीदने में लगे ?

10. एक रैली में 18 साइकिल, 69 मोटर साइकिल, 28 ऑटो रिक्शा और 25 कार चल रही है इस रैली में कितने पहिये चल रहे है? (5)

11. आपके पास 40 टॉफ़ी है जिसमे से आपने 30% टॉफ़ी अपनी बहन को दे दी। शेष बची टॉफ़ी का 20% अपने भाई को दे दिया । अंत में आपके पास कुल कितनी टॉफ़ी बची? (5)

12. यदि राम को अपने घर से स्कूल जाने में 45 मिनट 35 सेकेंड लगता है। तो राम को घर से स्कूल जाने और वापस आने में कुल जितना समय लगेगा। उसे घंटे, मिनट एवं सेकेंड में लिखिए। (5)

**(सामान्य ज्ञान)**

1. पौधे की पत्तियाँ हरी क्यों दिखाई देती है ? (2)
2. भोजन बर्बाद न हो इसके लिए क्या उपाय करेंगे ? (2)
3. कुनैन नामक औषधि किस रोग के उपचार में उपयोग की जाती है ? (2)
4. जल-प्रदूषण किसे कहते है? प्रदूषित जल पीने से क्या - क्या बीमारियाँ हो सकती है ? (4)
5. मच्छरों के काटने से कौन - कौन से रोग हो सकते है ? (2)
6. राष्ट्रीय पर्व कौन - कौन से है, और कब कब मनाये जाते है? कोई तीन के नाम लिखे। (3)

**(भाषा)**

1. किसी भी कंठस्थ कविता को लिखे। (5)
2. अपने पसंदीदा विषय पर 5 वाक्य अंग्रेजी और 5 वाक्य हिंदी में लिखे। (10)
3. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताइये एवं इनका वाक्य में प्रयोग कीजिये - (5)
   क) कान में जूं न रेंगना
   ख) हवा से बाते करना
4. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिंदी में अर्थ लिखें। (10)
   Angle, Broom, Depth, Flour, District, Far, Number, Pond , Lake , Sea